# मन की परछाई




पुनीत मिश्र

Copyright © 2022, Punit Mishra
All rights reserved.

No part of this publication may be reproduced or transmitted in any form or by any means, electronic or mechanical, including photocopy, recording or any information storage and retrieval system now known or to be invented, without permission in writing from the publisher, except by a reviewer who wishes to quote brief passages in connection with a review written for inclusion in a magazine, newspaper or broadcast.

Published in India by Prowess Publishing,
YRK Towers, Thadikara Swamy Koil St, Alandur,
Chennai, Tamil Nadu 600016

ISBN: 978-1-5457-5517-4
eISBN: 978-1-5457-5518-1

Library of Congress Cataloging in Publication

# विषयसूची


दो शब्द

**हिंदी कविताएं**

हमराही

तुम मुझसे मिलने आते हो

मधुमास

कैसी कविता

मेरा क्षितिज

अज्ञात

पदचिन्ह

सूर्यास्त

कदापि

विघटन

तुम नारी हो

आखिर कब तक

शरशैया

पथिक

दिवाली

रावण दहन

स्मृतियाँ

पथिक

समर्पण

काश31

कंटक पथ

मातृभूमि

नव वर्ष

आसक्ति

प्रश्नचक्र

जीवन

सच

पतवार

मेरा भविष्य

मानवता

मृदा

रात्रि दीप

सृजन

झंझावात

व्यूह

निर्जन राह

चक्रवात

नया वर्ष

प्रतीक्षा

उनींदे नयन

मिट्टी

**गज़लें और नज्म**

चमकी बुखार

कल रात

सियाह रात

सीढ़ियां

खुद से मुखातिब

बेखुद

अधूरी नज़्म

मायूस सवेरा

अदीब

शमा

फांस

शहर

नसीहत

तिश्नगी

लॉक डाउन

पानी

कर्ज

तेरा अक्स

मिजाज़-ए-मौसम

बचपन

कागज़ और रंग

सो जाने दो

तीरगी

कैसे

परिंदे

जद्दोजहद

दलीलें

रिवायतें

अना

कशमकश

ख़ला

आईना

संदूक

बूंदें

तेरी आँखे

मेरी वसीयत

कीचड़

आँधी

मुन्तज़र

ख्वाहिश

सेहरा

गिरहें

अंजान साया

जख्मी वक़्त

धुआँ

आफताब का ख़त

ज़िन्दगी

परस्तिश

मरासिम
तस्वीर
अलाव
बवंडर
तन्हाई
वो शहर
फ़लक के जुगनू
काश
परछाई
सर्दी की चाय
सोने दो मुझे
प्यासी जमीं
सवाल
फिर से ज़िंदा कर दो

# दो शब्द

कई वर्षों से एक लंबी परियोजना की भाँति ही यह कविता संग्रह एक आकार ले रहा था।

जिंदगी उफनती रही, सहती रही, चलती रही और बहती रही एक पूर्णता की ओर। अभी बहुत कुछ अधूरा है। अभी तो सफर की शुरुआत ही है लेकिन शिकायत कोई नहीं क्योंकि समय ही समय है, इस जहाँ में नहीं तो कहीं और सही, यात्रा तो चलती रहेगी पूर्णता की ओर…

बड़े लोगों ने संवारा है आज जिस भी रूप में हूँ। ये जो पोटली बाँधे फिरता हूँ इसमें बहुतों का योगदान है। उन सबका बड़ा आभारी हूँ मैं। अनुभव कैसे भी रहे हों, हर एक ने कुछ जोड़ा ही है घटने का तो सवाल ही नहीं उठता।

स्वर्गीय पिता जी को आदरपूर्वक नमन उनका वो कवि सम्मेलनों में ले जाना, और कविताएं लिखने और कविता पाठ के लिए प्रेरित करना, शायद वही बीज रोप गए थे इस "मन की परछाई" के।

परिवार में सभी और समस्त मित्रों को धन्यवाद प्रोत्साहित करने के लिए क्योंकि सत्य यही है कि आपकी प्रेरणा के बिना शायद ये हो नहीं पाता।

# हमराही

कैसे मैं अभिव्यक्त करूँ को उमड़ रहा है मेरे मन में
ये वर्षों का समय अनोखा काट दिया हो जैसे क्षण में

हम राही तुम संग इस पथ पर, चल कर मैंने सब कुछ पाया
दृढ़ता से पग संग बढ़ाए, हो धूप सुनहरी या हो छाया

प्रेम पूर्ण विश्वास लिए, और एक दूजे को दिए सहारा
स्वप्नों को साकार कर रहा, है देखो परिवार हमारा

आओ हम आगे बढ़ते हैं, इस पड़ाव से अब अगले पर
साथ यूँ ही चलते जाएंगे, पग होते जाएंगे दृढ़तर

समपूरक मेरे सौभाग्य मेरा, जो तुम आए मेरे जीवन में
कैसे मैं अभिव्यक्त करूँ को उमड़ रहा है मेरे मन में

(माँ और पिताजी के विवाह की 50 वीं वर्षगाँठ पर एक दूसरे के प्रति उनके भावों को व्यक्त करती कविता)

# तुम मुझसे मिलने आते हो

जब दूर गगन में तारों के
झुरमुट से होकर चांद खिले
पुष्पों को अपने केश डाल
मादक बयार श्रृंगार किए
ज्योत्सना के नर्तन का जादू
धरती पर अतिशय मोह पाश
पक्षी गाएं जब प्रेम राग
तुम मुझसे मिलने आते हो

दुविधा, संशय का वृष्टि पात
अंतस अधीर आतुर अबोध
ह्रदयांतर ये कैसा विरोध
जाग्रत नयनों का हठ समग्र
आशाओं का ये दीर्घ चक्र
विस्मित सा समय अचल अविरल
परिवर्तन की शाश्वत हलचल
नव किरणें जब हो आलोकित
तुम मुझसे मिलने आते हो

दर्पण अद्भुत प्रतिबिंब नया
शब्दों की सरिता काल जया
अविरत अनंत ये रत्नकोष
अधरों पर तिरता मणिक ओस
श्वेता शीतल तन सत्य शिवं
प्रतिमा अपनी तुम लिए स्वयं
स्वप्नों के मोहक उपवन में
तुम मुझसे मिलने आते हो

# मधुमास

मैंने भी अपनी कविता में
कभी कोई मधुमास लिखा था
जीवन का वो हास लिखा था
किन्तु नहीं था ज्ञात मुझे ये
कलम नियति की मेरी खातिर
ऐसी कविता लिख डालेगी
उसने मेरे कोमल मन पर
प्रियतम के ही बाणों का
इतना गहरा आघात लिखा था
मैंने भी अपनी कविता में
कभी कोई मधुमास लिखा था

जग के इस तपते मरुथल में
ढूँढा हमने स्नेह सुधा रस
कटु शब्दों के संग पीने को
चंद घड़ी जीवन जीने को
किन्तु हाथ की रेखाओं में
अपने नयनों का खारा जल
पीने का दुर्भाग्य लिखा था
मैंने भी अपनी कविता में
कभी कोई मधुमास लिखा था

**You’ve Just Finished your Free Sample**

**Enjoyed the preview?**

**Buy: https://store.prowesspub.com**